प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 127/ 2025)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

www.trai.gov.in

**नवी दिल्ली, 31 ऑक्टोबर 2025**

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने पुणे शहर और उसके आस-पास नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने सितंबर 2025 के महीने के दौरान व्यापक शहर मार्गों को कवर करते हुए महाराष्ट्र लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूर की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन हब और हाई-स्पीड कॉरिडोर में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे ।

08 सितंबर 2025 से 12 सितंबर 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने पुणे शहर और इसके आस पास के इलाकों में **415.5 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 27 किलोमीटर मैट्रो ड्राइव टेस्ट , 14 हॉटस्पाट और 8.6 किलोमीटर वॉक टेस्ट करते हुए विस्तृत टेस्ट किए।** मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया है।

मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया है।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**

**क) वॉइस सेवाएं:** कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।


**ख) डाटा सेवाएं:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट -** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः100.00%,94.72 %, 98.24 % और 98.99 % है।

**ड्रॉप कॉल रेट: -** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल ड्रॉप रेट क्रमशः 0.13%,8.68 %, 0.13 % और 0.38 % है।

## प्रमुख गुणवत्ता मानदंडों का सारांश

**सी.एस.एस.आर.:** कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में), **सी.एस.टी.:**कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), **डी.सी.आर:** ड्रॉप कॉल रेट (% में), **एमओएस** : मीन ओपिनियन स्कोर जिसमें सामान्य आवाज की गुणवत्ता दर्शाई जाती है ।



## सारांश - वॉइस सेवाएं

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः100.00%, 94.72%, 98.24% और 98.99% है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः0.60, 3.03, 0.59 और 0.85 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.13%, 8.68%, 0.13% और 0.38% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः 0.19%, 2.52% और 0.57% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः 4.00, 2.73, 3.77 और 4.12 हैं।

## सारांश - डाटा सेवाएं

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G) की औसत डाउनलोड स्पीड 97.16 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 1.63 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 192.89Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 77.63 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)** एयरटेल (5G/4G) की औसत अपलोड स्पीड 31.63Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 3.22Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 25.11 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 20.28 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 29.10ms, 54.00 ms, 14.10ms और 24.70 ms है।

**डाटा निष्पादन – हौट स्पॉट ( Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल- | 4G D/L: 27.65 | 4G U/L: 4.35 |
| | 5G D/L: 105.91 | 5G U/L: 18.14 |
| बीएसएनएल- | 4G D/L: 1.08 | 4G U/L: 3.21 |
| आरजेआईएल- | 4G D/L: 27.02 | 4G U/L: 9.12 |
| | 5G D/L: 166.69 | 5G U/L: 15.05 |
| वीआईएल | 4G D/L: 41.23 | 4G U/L: 9.41 |
| | 5G D/L: 138.50 | 5G U/L: 27.30 |

नोट - "D/L" डाउनलोड स्पीड "U/L" अपलोड स्पीड

पुणे में, मूल्यांकन में चाकन, तालेगांव दाभाडे, रावत, पिरंगुट, कोथरूड, बिबवाड़ी, लोनी कालभोर, वाघोली, अलंडी, भोसरी आदि जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे।

भादूविप्रा ने आगा खान पैलेस, बॉटनिकल गार्डन, इस्कॉन टेम्पल पुणे, आई.टी. हब (हिंजवाड़ी फेज 1-इंफोसिस/विप्रो सर्कल), फीनिक्स मॉल, पुणे महा निगम, पुणे यूनीवर्सिटी, राजा दिनकर कल्कर म्यूजियम, राजीव गांधी जू पार्क, आर.टी.ओ. कार्यालय, शनिवार वाड़ा, श्री चिंतामणि विनायक मंदिर, एस.एस. डेक्कन जिमखाना अस्पताल, वेस्टएंड मॉल में वास्तविक स्थितियों का भी मूल्यांकन किया ताकि स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव का आकलन किया जा सके।

10 और 11 सितंबर 2025 को आयोजित किए गए वाक टेस्ट में कमला नेहरू होस्पीटल, महाराष्ट्र ज्योतिबा फुले मंडई, पुणे बस स्टैंड और पुणे रेलवे स्टेशन पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भीड़-भाड़ वाले पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क के व्यवहार को दर्शाते हैं।.

मार्गो पर सेवा की गुणवत्ता को समझने के लिए रामवाड़ी से वनाज मेट्रो (एक्वा लाइन) और स्वारगेट से पीसीएमसी मेट्रो (पर्पल लाइन) तक मेट्रो ड्राइव टेस्ट आयोजित किया गया था।

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में ट्राई कैलिब्रेटेड उपकरण की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री ब्रजेन्द्र कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूर) भादूविप्रा से ईमेल adv.bengaluru@trai.gov.in या टेलीफोन नं +91-80-22865004 पर संपर्क किया जा सकता है।

BRAJENDRA KUMAR

Digitally signed by BRAJENDRA KUMAR
Date: 2025.10.31 12:35:17 +05'30'

(ब्रजेन्द्र कुमार)

सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का., बेंगलूर